मुलतानीमल मोदी महाविद्यालय,मोदीनगर

रोवस/रेंजर्स–2018–2019

एक दिवसीय शिविरों की आख्या

सत्र **2018–19** में **डॉ0 मयंक मोहन** ने **रोवर्स लीडर** के रूप में तथा **डॉ0 सीमाराज** ने **रेजर्स लीडर** के रूप में तीन, एक दिवसीय कैम्प (दिनांक **20, 27, 28 अक्टूबर** में) लगाकर **रोवर्स/रेंजर्स** ईकाईयों में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों से सम्पर्क बनाना प्रारम्भ कर दिया तथा शीघ्र ही अपने–अपने **रोवर्स/रेंजर्स** क्रु बना लिये।

दिनांक **27.11.18** को महाविद्यालय में **रोवर्स/रेंजर्स** का कैम्प लगाया गया जिसमें यातायात संबधी नियमों की जानकारी प्रशासनिक यातायात अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।

इण्टर कॉलेज में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ था जिसमें हमारे महाविद्यालय के **रोवर्स/रेंजर्स** क्रु ने जाकर औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा महाविद्यालय में लौटकर एक कार्यशाला का आयोजन कर महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया।

दिनांक **19.12.18** को महाविद्यालय में एक दिवसीय **रोवर्स/रेंजर्स** शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें सभी **रोवर्स/रेंजर्स** ने **रोवर्स प्रभारी डॉ0 मयंक मोहन** तथा **रेंजर्स प्रभारी डॉ0 सीमाराज जी** के समक्ष स्काअट की प्रतिज्ञाओं, नियमों को दोहराते हुए ध्वज गान किया तथा यह वचन लिया कि महाविद्यालय के शीतकालीन अवकाश में भी वे निरन्तर आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर वहां जरूरतमंद

लोगों की अपने शारीरिक सामर्थ्य के अनुसार मदद करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इस सेवा कार्य को करने के लिये प्रेरित करेगें।

दिनांक **05.01.2019** में **डॉ0 मयंक मोहन** ने **रोवर्स/रेंजर्स** के जिला संगठन आयुक्त, **गाजियाबाद, श्री श्याम सिंह जी** को **श्री सतपाल जी** के द्वारा **रोवर्स/रेंजर्स** के प्रशिक्षण के लिये निवेदन किया। दिनांक **07.01.2019** को जिला **रोवर्स/रेंजर्स** अधिकारी **श्री श्याम सिंह जी** ने हमारे महाविद्यालय में दिनांक **19, 20 एवं 21 जनवरी, 2019** को महाविद्यालय के **रोवर्स/रेंजर्स** को प्रशिक्षण देने के लिये शिविर आयोजन का समय दिया। लेकिन किसी कारणवश वह शिविर नहीं लग पाये तथा तीन दिवसीय विशेष शिविर **4, 5** एवं **6 फरवरी, 2019** को लगना सुनिश्चित हुआ।

रोवर्स अधिकारी– डॉ0 मयंक मोहन
रेंजर्स अधिकारी– डॉ0 सीमाराज

<u>रोवर्स–2018–2019</u>

<u>तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की आख्या</u>

सत्र **<u>2018–19</u>** में महाविद्यालय में दिनांक **04, 05** एवं **<u>06 फरवरी, 2019</u>** को **रोवर्स/रेंजर्स** के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 9.30 बजे **रोवर्स/रेंजर्स** के जिला संगठन आयुक्त, **गाजियाबाद, <u>श्री श्याम सिंह जी</u>** ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया उसके पश्चात् **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर <u>श्री नेहरा जी</u> ने **रोवर्स/रेंजर्स** को इस कार्यक्रम के विषय में मूल जानकारियां प्रदान करते हुए इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के **रोवर्स लीडर <u>डॉ0 मयंक मोहन जी</u>** एवं **रेंजर्स लीडर <u>डॉ0 सीमाराज जी</u>** ने उपस्थित रहकर रोवर्स/रेंजर्स को प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिनांक **<u>05.02.19</u>** को **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर **<u>श्री नेहरा जी</u>** ने **रोवर्स/रेंजर्स** को कई तरह की गांठे बांधनी सिखायी जिनका उपयोग **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा आपदा प्रबन्धन के समय किया जाता है इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा के संबध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। दोपहर के पश्चात् महाविद्यालय प्रांगण में रोवर्स/रेंजर्स को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया कि किस प्रकार सीमित साधनों के अधिकतम प्रयोग से अधिक से अधिक सेवा कार्य किया जा सकता है।

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अन्तिम दिन दिनांक **<u>06.02.19</u>** को **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा उन सब क्रियाओं का प्रदर्शन करना था जो कि उन्होंने सीखी

थी इसके लिये **रोवर्स/रेंजर्स** में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा था। अलग–अलग टोलियों के रूप में 10–10 सदस्यों की रोवर्स की 6 टोलियां बनी तथा रेंजर्स की 2 टोलियां बनी। इस सभी टोलियों ने महाविद्यालयल प्रांगण में तरह–तरह के तम्बू लगाकर तथा अत्यन्त सीमित साधनों के साथ किस प्रकार दूसरों की मदद की जा सकती है का संदेश देते हुए एक अद्‌भुत वातावरण का निमार्ण किया। इसके साथ ही **रोवर्स/रेंजर्स** द्वारा कैम्प फॉयर का आयोजन करके विभिन्नि कार्यक्रमों की प्रस्तुती की। इस अवसर पर **श्री अरूण भारती जी**, **श्री अरूण कुमार जी**, **श्रीमति क्षमा गोयल**, **श्री वी0के0 त्यागी**, **श्री एस0एस0 सूरी** कार्यालय से **श्री पवन भटनागर**, **श्री राजेन्द्र जी**, **श्री सतपाल जी** इत्यादि उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर के अन्त में **रोवर्स/रेंजर्स** को समाज सेवा की शपथ दिलायी गयी तथा महाविद्यालय के **रोवर्स/रेंजर्स** अधिकारी **डॉ0 मयंक मोहन** तथा **डॉ0 सीमा राज** ने **रोवर्स/रेंजर्स** ट्रेनर **श्री नेहरा जी** सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

रोवर्स/रेंजर्स द्वारा सम्पन्न किये जाने वाले कार्य

सोलर सिस्टम से अवगत कराना।

सरकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराना।

बस्ती एंव मौहल्लो में वृक्षा रोपण अभियान द्वारा पेडो के संरक्षण की जानकारी देना।

आपातकालीन स्थिति में बचाव के तरीके बताना।

कांवड मेले में व्यवस्था बनाना।

आपदा के समय बचाव सम्बन्धी जानकारी देना।

मकान/घरो के अन्दर और बाहर एंव आस–पास में सफाई सम्बन्धी जानकारी देना।

विभिन्न बिमारियों से बचाव के उपाय बताना।

सत्र 2018–19 में रोवर/रेंजर्स द्वारा प्राप्त किये गये प्रशिक्षण कायों की कुछ झलकियां